# Citizenship

# नागरिकता

**Polity By : KHAN SIR**

- कोई भी देश अपने मूल निवासियों को कुछ विशेष अधिकार देता है इन अधिकारों को ही नागरिकता कहा जाता है। भारत में एकहरी नागरिकता है। अर्थात् हम केवल देश के नागरिक है। राज्यों का नागरिक नहीं बल्की निवासी है। भारत में नागरिकता ब्रिटेन से लिया गया है।
- नागरिकता पर पहला विवरण अरस्तु ने दिया था।

  भारत कि नागरिक 1955 के अधिनियम पर आधारित है नागरिकता में पहली बार संशोधन 1986 में किया गया था।
- नागरिक होने के कारण **PAN Card, Adhar Card** दिया जाता है। गैर नागरिक को यह सुविधा उपलब्ध नहीं है।

- **अनुच्छेद 5** – संविधान प्रारंभ में दी गई नागरिकता अर्थात् जब संविधान बना तो उन सभी लोगों को नागरिकता दी गई। जो उस समय भारत के अंदर थे।
- **अनुच्छेद 6** – पाकिस्तान से भारत में आये लोगों का नागरिकता किन्तु यदि वह संविधान बनने के बाद आएंगे तो नागरिकता नहीं मिलेगी। (Permit Rule लागू 19 July, 1948)
- **अनुच्छेद 7** – स्वतंत्रता के बाद भारत से पाकिस्तान चले गए ऐसे व्यक्ति जो संविधान बनने से पहले लौट आए तो उन्हें नागरिकता दे दी जाएगी।

  अनुच्छेद-7 में प्रावधान है कि जिस व्यक्ति ने 1 मार्च, 1947 के पश्चात् भारत से पाकिस्तान के लिए प्रव्रजन कर लिया हो वह भारत का नागरिक नहीं समझा जाएगा।

  किन्तु, यदि वह स्थायी रूप से भारत लोटने के लिए अनुमति लेकर वापस आ गया है, तो उसकी नागरिकता के संबंध में वही नियम लागू होंगे।

☞ **अनुच्छेद 8** – विदेश भ्रमण एवं नौकरी करने पर भारत की नागरिकता समाप्त नहीं होगी।

☞ **अनुच्छेद 9** – विदेशी नागरिकता लेने पर भारत कि नागरिकता समाप्त कर दी जाएगी।

☞ **अनुच्छेद 10** – भारतीयों की नागरिकता बनी रहेगी तब तक जब तक कि वह कोई देश विरोधी कार्य नहीं करते।

☞ **अनुच्छेद 11** – नागरिकता संबंधी कानून संसद बनाती है यह जिम्मेदारी गृह मंत्रालय को दी गई है।

5
6
7
8 = विदेश भ्रमण
9 = विदेशी नागरिक ~~X~~
10 ⇒ जनाती
11 ⇒ संसद (राष्ट्र)

भाग (2)

5 — 11

# नागरिकता अधिनियम (Citizenship Act) – 1955

☞ इस अधिनियम में नागरिकता प्राप्त करने की पांच विधियाँ तथा नागरिकता समाप्त करने की तीन विधियाँ हैं।

➢ **नागरिकता प्राप्त करने की विधियाँ–**

☞ भारत में नागरिकता प्राप्त करने की पाँच विधियाँ है।

1. **जन्म के आधार पर (1986)–** संविधान लागू होने के बाद भारत में जन्म लेने वाले सभी बच्चों को नागरिकता दी जाएगी, यदि उनके माता-पिता भारत के नागरिक हो।

**Ex.:–** हम सभी को इसी विधि द्वारा नागरिकता प्राप्त हुई।

2. **वंश के आधार पर (1992)–** विदेश में जन्म लेने वाले बच्चों को भी नागरिकता दी जायेगी। यदि उसके माता-पिता या दोनों में से कोई एक भारत का नागरिक हो।

   **Ex.:–** शिखर धवन का बच्चा, सानिया मिर्जा का बच्चा।

3. **पंजीकरण (Registration)–** इसी विधि द्वारा नागरिकता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को 7 साल लगातार भारत में रहना होगा। इस विधि द्वारा राष्ट्रमंडल देशों को नागरिकता दी जाती है।

4. **देशीकरण (Naturalization)–** वैसा व्यक्ति जो भारत के कम-से-कम एक भाषा को जानता हो। भारत के प्रति सकारात्मक सोंच रखता हो। वैज्ञानिक या कला में निपुण हो, साथ ही लगातार भारत में 12 साल तक रहा हो, तो उसे देशीकरण विधि द्वारा नागरिकता दी जाती है।

   **Ex.:–** मदर टेरेसा को भारत की नागरिकता।

5. **अर्जित भूमि–** किसी विदेशी राज्य को भारत में मिला लेने पर वहाँ के लोगों को नागरिकता दे दी जायेगी। सिक्किम का भारत में विलय होने के बाद वहाँ के निवासी को दी गई नागरिकता। बांग्लादेश के परगना जिले को नागरिकता।

**Remark :–** नागरिकता में पहला 1986 ई० में, दूसरा 1992 ई० में, तीसरा 2005 ई० में, चौथा 2015 ई० में और पाँचवां 2019 ई० में संशोधन किया गया।

☞ **NRI (Non Resident India)–** वह नागरिक जो वर्तमान में भारत में नहीं रह रहा है। लेकिन वो भारत का नागरिक है। वह विदेश में 6 माह से ज्यादा ( पढ़ाई या नौकरी करने ) के लिए चला गया हो तो वो **NRI** कहलाएगा।

☞ **Overseas नागरिकता–** इसे 2005 में लक्ष्मीमल सिंधवी समिति द्वारा जोड़ा गया। ये बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दिया जाता है। जो विदेशी नागरिकता ग्रहण कर लिए हैं। इस नागरिकता को प्राप्त करने वाला व्यक्ति बिना VISA के भारत आ सकता है। उसका VISA आजीवन मान्य रहता है।

➢ नागरिकता समाप्त होने की तीन शर्त्तें–

1. यदि कोई व्यक्ति विदेशी नागरिकता ग्रहण कर लें तो उसकी भारत की नागरिक समाप्त कर दी जाएगी।

2. यदि व्यक्ति भारत की नागरिकता अपने ईच्छानुसार छोड़ दे तो उसकी नागरिकता समाप्त हो जाएगी।

3. सरकार उस व्यक्ति की नागरिकता रद्द कर देगी जब कोई व्यक्ति संविधान में आस्था न रखें, देश विरोधी कार्य करें, पागल हो जाए, धोखे से नागरिकता ग्रहण कर लें या बिना बतायें लगातार 7 वर्ष तक विदेश में रह जाए।

- **VISA**– किसी दुसरे देश में जाने के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है। इस अनुमति को ही **VISA** कहते हैं। बिना **VISA** किसी दुसरे देश में प्रवेश नहीं कर सकते।

- **PASSPORT**– अपने देश को छोड़कर दुसरे देश में जाने के लिए खुद अपने देश से अनुमती लेनी पड़ती है। जिसे **Passport** कहते हैं।

☞ **AMBASSADOR राजदूत–** प्रत्येक देश अपने देश के एक अधिकारी को दूसरे देश में राजनीतिक संबंध बनाने के लिए रखता है। कोई भी देश किसी दूसरे देश के राजदूत पर पुलिस कार्रवाई, गिरफ्तारी या मुकदमा नहीं चला सकता। यह व्यवस्था वियना समझौता के तहत किया गया। राष्ट्रमंडल देशों के राजदूतों को उच्चायुक्त (High Commissioner) कहा जाता है।

☞ **राष्ट्रमंडल देश–** वैसे देश जो कभी-न-कभी इंग्लैंड के गुलाम थे उन्हें राष्ट्रमंडल देश कहते हैं। इनकी संख्या 53 है।

- कॉमन वेल्थ का मुख्यालय लंदन में है। वर्तमान में कॉमन वेल्थ का अध्यक्ष महाराज चार्ल्स तृतीय है।
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने प्रिंस चार्ल्स को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया।

**Note :–** अमेरिका, ब्रिटेन का गुलाम था। किन्तु इसने कॉमन वेल्थ की सदस्यता नहीं ली।

☞ **CAA (Citizenship Amendment Act-2019) ( नागरिकता संशोधन अधिनियम )–** यह भारत की संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है जिसके द्वारा सन् 1955 का नागरिकता कानुन को संशोधित करके यह व्यवस्था की गई की 31 दिसम्बर, 2014 के पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक प्रतारना वाले अल्पसंख्यक ( हिन्दु, बौद्ध, सिख जैन, पारसी एवं इसाई को भारत की नागरिकता प्रदान की जायेगी। इस विधेयक में भारतीय नागरिकता को प्राप्त करने के लिए आवश्यक 11 वर्ष तक भारत में रहने की शर्त्त में भी छुट देते हुए इस अवधि को केवल 5 वर्ष तक भारत में रहने की शर्त्त के रूप में बदल दिया गया।

☞ 20 दिसम्बर 2019 को पाकिस्तान के 7 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देकर इस अधिनिमय को लागू कर दिया गया।

- NRC (National Register of Citizens) राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर– भारत के राष्ट्रीय नागरिक पंजी भारत सरकार द्वारा निर्मित एक पंजी है जिनमे उन भारतीय नागरिकों के नाम है जो असम के वास्तविक ( वैध ) नागरिक है। यह पंजी विशेष रूप से असम के लिए ही बनाई गयी थी।

  जब पाकिस्तान और बंगलादेश में लड़ाई चल रही थी तो बहुत से लोग वहाँ से भाग कर भारत चले आये। ये सभी लोग धार्मिक प्रताड़ित नहीं बल्कि अपने ही देश के लोगों द्वारा प्रताड़ित थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में कहा था कि आप NRC लाइये और जो व्यक्ति 24 मार्च 1971 से पहले भारत आये हैं। उन्हें NRC के तहत नागरिकता दे दी जाय।

- 2015 में NRC का रजिस्टर बनने लगा।

☞ NRC में रजिस्टर होने के लिए दो लिस्ट को मिलाकर कुल 30 Document में से कोई एक का होना आवश्यक है। यदि आपके पास कोई भी Document नहीं है तो आपको 4 माह का समय दिया जाएगा। आपको 4 माह के अंदर अपने आप को साबित करना पड़ेगा। यदि 4 माह के अंदर अपने आप को साबित नहीं कर पाये तो आपको District Court जाना पड़ेगा। यदि Disctrict Court आपको साबित नहीं करता है तो आपको High Court एवं Supreme Court जाना पड़ेगा। यदि High Court एवं Supreme Court भी आपको साबित नहीं करता है तो आपकी नागरिकता समाप्त कर दी जाएगी और आपको Detection Centre में भेज दिया जाएगा।

☞ **NPR (National Population Register) राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर–** NPR देश के निवासियों का एक रजिस्टर है। इसे नागरिकता अधिनियम 1955 और नागरिकता नियम 2003 के प्रावधानों के आधार पर स्थानीय, ग्राम पंचायत, तहसील, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया गया। आपके परिवार कितना है? और कौन व्यक्ति कहाँ रहते है? इस आधार पर NPR बनेगा। इससे जनसंख्या की गणना की जाएगी। NPR के बाद जनगणना का सही आंकड़ा मिलेगा।

By: Khan Sir

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## संविधान की अनुसूचियाँ और भाग

1. 92वाँ संविधान संशोधन, 2003 द्वारा आठवीं अनुसूची में कौन-सी भाषा जोड़ी गई थी?

(a) कोंकणी

(b) मणिपुरी

(c) सिंधी

(d) संथाली

21
71
92

**बिहार दारोगा (Mains) Exam.- 25.02.2024**

2. भारत के विभाजन के संदर्भ में असत्य कथन चुने?

(a) द्विराष्ट्र का सिद्धांत लागू था।

(b) पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान एक साथ नहीं था।

(c) पंजाब और बंगाल प्रांत को धर्म के आधार पर बांटा गया।

(d) भारत और पाकिस्तान दो संप्रभु राष्ट्र बन गए।

बिहार पुलिस मद्य निषेध उत्पाद दारोगा

(PT) Exam.- 28.01.2024

3. भारतीय संविधान के कौन से भाग को 7वें संविधान संशोधन, 1956 के द्वारा हटाया गया?

(a) भाग V

(b) भाग VII

(c) भाग VI

(d) भाग VIII

बिहार दारोगा (P.T) Exam.- 17.12.2023

By: Khan Sir

4. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भारतीय भाषाएँ हैं ?

(a) 20

(b) 22

(c) 24

(d) 18

14 + 1 + 3 + 4 = 22

बिहार CGL 23.12.2022

5. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम ने कुछ विषय राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाल दिए। इनमें से कौन-से नीचे गलत उल्लिखित हैं?

(a) शिक्षा, वन

(b) वन, जंगली जानवरों का संरक्षण

(c) शिक्षा, पक्षियों का संरक्षण

(d) वन, स्थानीय सरकार

बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 26.12.2021

6. भारत में संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची द्वारा स्वायत्तशासी जिला परिषदों की स्थापना का प्रावधान किया गया है?

(a) तीसरी अनुसूची

(b) छठी अनुसूची

(c) आठवीं अनुसूची

(d) दसवीं अनुसूची

बिहार दारोगा ( मु. ) परीक्षा, 29.11.2020 ( प्र.पा. )

7. भारतीय संविधान के अनुसार दल-बदल के आधार पर निरर्हता का उल्लेख है-

(a) नौवीं अनुसूची में

(b) दसवीं अनुसूची में

(c) आठवीं अनुसूची में

(d) पाँचवीं अनुसूची में

बिहार दारोगा ( मु. ) परीक्षा, 22.12.2019 ( प्र.पा. )

8. संघ और राज्यों के मध्य विषयों के विवरण में साइबर कानून किस सूची में आते हैं?

(a) संघ सूची

(b) राज्य सूची

(c) समवर्ती सूची

(d) अवशिष्ट विषय

बिहार पुलिस ( कॉंस्टेबल ) ( प्र.प. ) परीक्षा, ( 12.01.2020 )

By: Khan Sir

9. भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची राज्यसभा में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र के स्थान आवंटन से संबंधित है?

(a) तीसरी अनुसूची

(b) चौथी अनुसूची

(c) पाँचवी अनुसूची

(d) छठी अनुसूची

बिहार पुलिस ( कॉंस्टेबल ) ( द्वि.प. ) परीक्षा, ( 12.01.2020 )

10. नागरिकता संबंधी उपबंध संविधान के किस भाग में है?

(a) भाग-1

(b) भाग-2

(c) भाग-3

(d) भाग-4

बिहार पुलिस ( काँस्टेबल ) ( द्वि.प. ) परीक्षा, ( 12.01.2020 )

11. भारतीय संविधान में कुल कितने भाग हैं?

(a) 18

(b) 20

(c) 22

(d) 24

बिहार वनरक्षी हल प्रश्न-पत्र, 2019

By: Khan Sir

12. संघ, राज्य और समवर्ती सूची में सूचीबद्ध वस्तुओं की संख्या में निम्नलिखित में से क्रमशः क्या सही है?

(a) 97, 61 और 52

(b) 98, 60 और 47

(c) 97, 66 और 52

(d) 100, 61 और 52

66 47

BSSC राज्यस्तरीय नगर प्रबंधक परीक्षा, ( 19.08.2018 )

13. भारतीय संविधान के प्रारम्भ में मौलिक कर्तव्यों का प्रावधान नहीं था। संविधान संशोधन द्वारा संविधान के किस भाग में इसका समावेश किया गया है ?

(a) भाग III

(b) भाग III A

(c) भाग IV

(d) भाग IVA

BPSC दारोगा मुख्य परीक्षा, ( 22.03.2018 )

14. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग राज्य के लिए नीति-निर्देशित करने वाले तत्वों का उल्लेख करता है ?

(a) भाग-I

(b) भाग-II

(c) भाग-III

(d) भाग-IV

बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 11.03.2018

By: Khan Sir

15. भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची भाषाओं का उल्लेख करती है?

(a) अनुसूची 4

(b) अनुसूची 8

(c) अनुसूची 10

(d) अनुसूची 12

बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 11.03.2018

By: Khan Sir

16. भारतीय संविधान के भाग-III में इनमें से किसके बारे में दिया गया है?

(a) केन्द्र शासित प्रदेशों

(b) राज्यों

(c) बुनियादी अधिकार

(d) निर्देशक सिद्धांत

BSSC अंचल निरीक्षक ( राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग )
( प्र.प. ) ( 21.09.2014 )

By: Khan Sir

17. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में इनमें से किसके बारे में दिया गया है?

(a) अनुसूचित जनजाति

(b) नगरपालिका

(c) पंचायत

(d) आधिकारिक भाषा।

BSSC अंचल निरीक्षक ( राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग )

( प्र.प. ) ( 21.09.2014 ) ( 31.07.2016 )

भाषा - 17

18. हाल ही में आंध्रप्रदेश से अलग कर एक नये राज्य तेलंगाना का गठन हुआ है इससे भारतीय संविधान की किस सूची में परिवर्तन होता है?

(a) अनुसूची एक + 4

(b) अनुसूची सात की राज्य सूची

(c) अनुसूची नौ

(d) अनुसूची दस

द्वितीय स्नातक स्तरीय ( सचिवालय सहायक )
(P.T) ( द्वि.प. ) परीक्षा, ( 23.02.2015 )

19. निम्नलिखित में से संविधान का कौन-सा भाग नगरपालिकाओं से संबंधित है?

(a) भाग 6

(b) भाग 7

(c) भाग 8

(d) भाग 9A

**By: Khan Sir**

20. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?

(a) नागरिकता — संविधान का भाग II

(b) मौलिक अधिकार — संविधान का भाग III

(c) मौलिक कर्तव्य — संविधान का भाग VIA

(d) राज्य — संविधान का भाग VI

21. संविधान के किस भाग में संविधान संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है?

(a) भाग 3

(b) भाग 4

(c) भाग 20 — 368

(d) भाग 21

22. हमारे संविधान के किस भाग में तीन सोपानों में पंचायतें बनाने की परिकल्पना की गई है?

(a) भाग IX

(b) भाग X

(c) भाग XI

(d) भाग XII

By: Khan Sir

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित है?

(a) संविधान का दूसरा भाग मौलिक अधिकार

(b) संविधान का तीसरा भाग नागरिकता

(c) संविधान का चौथा (क) भाग मौलिक कर्तव्य

(d) संविधान का पांचवां भाग राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत

By: Khan Sir

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भारतीय संविधान का भाग IX | 1. संघ क्षेत्र |
| B. भारतीय संविधान का भाग VIII | 2. नगरपालिका |
| C. भारतीय संविधान का भाग IVA | 3. पंचायत |
| D. भारतीय संविधान का भाग IXA | 4. मूल कर्तव्य |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

25. भारतीय संविधान में आरंभ में कितने अनुच्छेद थे?

(a) 420

(b) 380

(c) 395

(d) 270

26. मूल भारतीय संविधान में कितने भाग, अनुच्छेद और अनुसूची थे?

(a) 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूची

(b) 24 भाग, 450 अनुच्छेद और 12 अनुसूची

(c) 22 भाग, 390 अनुच्छेद और 8 अनुसूची

(d) 24 भाग, 425 अनुच्छेद और 12 अनुसूची

By: Khan Sir

27. अनुसूचित जाति और जनजाति क्षेत्रों का उल्लेख संविधान के किस भाग में किया गया है?

(a) भाग 8

(b) भाग 9

(c) भाग 10

(d) भाग 11

By: Khan Sir

28. भारतीय संविधान में-

(a) 9 अनुसूचियां हैं

(b) 12 अनुसूचियां हैं

(c) 10 अनुसूचियां हैं

(d) 11 अनुसूचियां हैं

29. भारत की राजभाषा का उल्लेख संविधान के किस भाग में किया गया है

(a) भाग 12

(b) भाग 14

(c) भाग 16

(d) भाग 17

By: Khan Sir

30. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) संविधान का भाग XV | 1. आपात उपबंध |
| (b) संविधान का भाग XVI | 2. राजभाषा |
| (c) संविधान का भाग XVII | 3. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध |
| (d) संविधान का भाग XVIII | 4. निर्वाचन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

31. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. मौलिक अधिकार | 1. भाग IVA |
| B. मौलिक कर्तव्य | 2. भाग III |
| C. संघ | 3. भाग XVIII |
| D. आपात उपबंध | 4. भाग V |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

32. भारतीय संविधान का भाग 16 संबंधित है:

(a) प्रशासनिक अधिकरण से।

(b) अखिल भारतीय सेवाओं से।

(c) वित्त आयोग से

(d) कुछ वर्गों के लिए विशेष उपबंधों से

By: Khan Sir

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

## संघ और उसका राज्य क्षेत्र

1. भारतीय राज्यों का आजादी के बाद पुनर्गठन मुख्यतः जिस आधार पर किया गया था-

(a) भाषायी आधार पर

(b) धार्मिक आधार पर

(c) आर्थिक आधार पर

(d) प्रथा एवं परंपराओं के आधार पर

14 +6

बिहार दरोगा (मु.) परीक्षा, 29.11.2020 (प्र.पा.)

By: Khan Sir

2. मिजोरम राज्य के रूप में कब अस्तित्व में आया ?

(a) 1987

(b) 1972

(c) 1986

(d) 1975

BSSC प्रथम इंटर स्तरीय (पुनर्परीक्षा)
(द्वि.प.) परीक्षा, (08.12.2018)

3. आजादी के बाद भाषा के आधार पर भारत के राज्यों का पुनर्गठन किस वर्ष में हुआ ?

(a) 1947

(b) 1951

(c) 1956

(d) 2000

BSSC आशु सहायक अवर निरीक्षक
( प्रा. ) परीक्षा, ( 26.08.2018

4. 1956 में राज्यों का पुनर्गठन करने से?

(a) 17 राज्य और 6 संघ राज्य क्षेत्र बने

(b) 17 राज्य और 9 संघ राज्य क्षेत्र बने

(c) 14 राज्य और 6 संघ राज्य क्षेत्र बने

(d) 15 राज्य और 9 संघ राज्य क्षेत्र बने

5. भारत में संघ राज्यों का प्रशासन होता है

(a) राष्ट्रपति द्वारा

(b) उपराज्यपाल द्वारा

(c) गृह मंत्री द्वारा

(d) प्रशासक द्वारा

UT

6. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 में यह घोषणा की गई है कि इंडिया अर्थात् भारत है?

(a) राज्यों का संघ

(b) एकात्मक विशिष्टताओं वाला संघीय राज्य

(c) संघीय विशिष्टताओं वाला संघीय राज्य

(d) संघीय राज्य

By: Khan Sir

7. अन्य रजवाड़ों के भारत में विलय के बाद भी किन तीन राज्यों में भारत में शामिल होना विलंबित किया?

(a) जूनागढ़, मेसुर एवं जम्मू कश्मीर

(b) जूनागढ़, हैदराबाद एवं जम्मू कश्मीर

(c) उदयपुर, कपूरथला, जम्मू कश्मीर

(d) हैदराबाद, उदयपुर, त्रावणकोण

8. संविधान में हमारे राष्ट्र का उल्लेख किस/किन नाम/नामों से किया गया है?

(a) भारत तथा इंडिया

(b) केवल भारत

(c) हिंदुस्तान तथा इंडिया

(d) भारत, हिंदुस्तान तथा इंडिया

9. 500 से अधिक रजवाड़ों के भारत में विलय के लिए कौन उत्तरदाई थे?

(a) के.एम.मुंशी

(b) बी.आर.अंबेडकर

(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल VP मेनन + पटेल

(d) सरदार बलदेव सिंह

By: Khan Sir

10. प्रथम भाषायी राज्य किसे बनाया गया था?

(a) केरल

(b) तमिलनाडु

(c) आन्ध्र प्रदेश 1 oct 1953

(d) महाराष्ट्र

11. संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्यों की सीमाओं को बदलने के लिए सहमति की आवश्यकता है।

(a) राज्य के विधानसभा सदन की

(b) राज्य के मुख्यमंत्री की

(c) राज्य की

(d) राज्य की नहीं

By: Khan Sir

12. संविधान के निम्नांकित में से किस प्रावधान के अंतर्गत भारतीय संसद को नया राज्य बनाने का अधिकार है?

(a) अनुच्छेद 1

(b) अनुच्छेद 2

(c) अनुच्छेद 3

(d) अनुच्छेद 4

13. भारत के संवधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसको राज्यों की सीमाओं को परिवर्तित करने की शक्ति प्राप्त है?

(a) संसद को

(b) लोक सभा को

(c) राष्ट्रपत को

(d) सर्वोच्च न्यायालय को

14. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत नए राज्यों के गठन को आर्टिकल-368 के तहत संशोधन नहीं माना जाएगा।

(a) अनुच्छेद 1

(b) अनुच्छेद 2

(c) अनुच्छेद 3

(d) अनुच्छेद 4

By: Khan Sir

15. एक नया राज्य बनाने में संवैधानिक संशोधन के लिए कैसा बहुत चाहिए?

(a) साधारण   $\frac{1}{2} \rightarrow 50\%$

(b) दो-तिहाई

(c) तीन-चौथाई

(d) दो-तिहाई एवं आधे राज्यों का अनुसमर्थन

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नए राज्यों के निर्माण के बारे में सही नहीं है?

(a) संसद विधि द्वारा एक नए राज्य का निर्माण कर सकती है।

(b) इस प्रकार की विधि में संविधान की पहली अनुसूची और चौथी अनुसूची के संशोधन का प्रावधान होगा।

(c) इस प्रकार की विधि को अनुच्छेद 368 के प्रयोजनों के लिए संविधान का संशोधन समझा जाएगा।

(d) इस प्रयोजन के लिए विधेयक संसद में तब तक पुर:स्थापित नहीं किया जा सकता, जब तक इसे उस राज्य के विधानमंडल को निर्दिष्ट नहीं कर दिया गया है, जिसके क्षेत्र, सीमाओं या नाम पर इसका प्रभाव पड़ता है।

17. यदि भारतीय संघ में नए राज्य का सृजन किया जाना है, तो संविधान की किस अनुसूची का संशोधन करना आवश्यक होगा?

(a) पांचवीं अनुसूची

(b) तीसरी अनुसूची

(c) दूसरी अनुसूची

(d) प्रथम अनुसूची +4

18. भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को पारित होना अनिवार्य है

(a) संसद में साधारण बहुमत तथा कम से कम दो-तिहाई राज्यों के अनुसर्मान द्वारा।

(b) संसद में साधारण बहुमत द्वारा।

(c) संसद में दो-तिहाई बहुमत तथा कम से कम दो-तहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By: Khan Sir

19. नए राज्य के गठन की शक्ति निहित है-

(a) संसद में

(b) राष्ट्रपति में

(c) मंत्रिपरिषद्

(d) राज्य पुनर्गठन आयोग में

20. निम्नलिखित में से कौन एक नए राज्यों के निर्माण के लिए संवैधानिक उपबंध नहीं है?

(a) किसी राज्य का क्षेत्र बढ़ाकर

(b) किसी राज्य का क्षेत्र घटाकर

(c) किसी राज्य का नाम परिवर्तन कर

(d) एक राज्य, संघ राज्य क्षेत्र शामिल कर सकेगा

UT

21. भारतीय संघात्मक व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?

1. भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्यों को संघ से अलग होने का अधकार नहीं है।

2. अलग होने की मात्र वकालत करने पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा मिलेगी।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2


(Tropic of cancer) $23\frac{1}{2}^{\circ}$

कर्क रेखा या 23.5° उत्तरी अक्षांश – 8 राज्यों गुजरात, राजस्थान, MP, छत्तीसगढ़, झारखंड, प. बंगाल, त्रिपुरा व मिजोरम से गुजरती है।


→ राजधानी – रांची

→ माही नदी 2 बार काटती है।


→ भारत की 2 जलवायु





शीत कटि (Freezed zone)
90° N
66.5° N आर्कटिक वृत्त
शीतोष्ण कटि
23.5° N कर्क रेखा
उष्णकटिबंध (Tropical zone)
0° अक्षांश /equator
sun
Temprate zone
23.5° S मकर रेखा
66.5° S अंटार्कटिक वृत्त
90° S


Rajasthan
UP
विन्ध्यांचल
2
4
5
6
Gujrat
3
MP
छत्तीस
झार०
प. बंगाल

→ माही को भारत की कांगो कही जाती है।




आर्कटिक महासागर
0° देशांतर
यूरोप
82.5°E देशांतर
अटलांटिक महा
0° अक्षांश
हिंद महासागर
दक्षिणी महासागर
अंटार्कटिक महाद्वीप



# अंतर्राष्ट्रीय मानक समय रेखा या ग्रीनविच रेखा या प्रधान मध्याह्न रेखा या (Prime Maridian) या 0° देशांतर रेखा

3 महाद्वीपों (यूरोप, अफ्रीका व अंटार्कटिक) तथा 3 महासागरों (आर्कटिक, अटलांटिक व दक्षिणी) से गुजरती है।


भारतीय मानक समय रेखा या 82.5° E देशांतर

↓


4 महाद्वीपों (एशिया, अंटार्कटिक) व 3 महासागरों (आर्कटिक, हिंद व दक्षिणी) से गुजरती है तथा यह ग्रीनविच रेखा से 5½ घंटे आगे है

# सीमाएं (Boundries)

- **स्थलीय सीमा**
  - कुल लंबाई = 15,200 KM (NCERT)
  - इस पर 16 राज्य व 2 UT 7 पडोसी देशों के साथ सीमा साझा करते हैं।
- **तटीय सीमा (7516 KM)**
  - मुख्य भूमि की तटीय सीमा
    - 6100 KM
  - द्वीपीय तटीय सीमा



⑮ – मेघालय
⑯ – असम
लद्दाख
UT
JK
UT
HP
④
पंजाब
③
UK
⑤
②
राजस्थान
⑥
UP
⑦
⑨ सिक्किम
⑩ अरूणाचल
⑯
⑪ नागालैंड
⑫. मणिपुर
⑬ मिजोरम
⑭ त्रिपुरा
⑮
⑧
बिहार
प. बंगाल
①
गुजरात
Arabian sea



## भारतीय मानक समय रेखा या 82.5° E देशांतर

**उमा छत से उड़कर आ**

- उ → UP
- मा → MP
- छत → छत्तीसगढ़
- उड़कर → उड़ीसा
- आ → आंध्रप्रदेश

(★) MP व छत्तीसगढ़ 2 ऐसे राज्य हैं, जिनसे कर्क रेखा व IST दोनों ही गुजरती हैं।